आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

भीमराव अंबेदकर

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की आज 134वीं जयंती है। इस मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर भीमराव आंबेडकर को श्रद्धाजंलि दी गई और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। शिमला के चौड़ा मैदान में आंबेडकर चौक पर हुए मुख्य समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान निर्माण और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए योगदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा और आज़ादी के बाद उन्होंने संविधान का निर्माण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

सीएम जयंती

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के उपायुक्त कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने सारी उम्र गरीबों व वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किया और संविधान का निर्माण कर सभी देशवासियों को एक समान अधिकार प्रदान किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 38 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें लगभग 5 करोड़ रुपये से निर्मित विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो के आवासीय भवनों और चार करोड़ 42 लाख रुपये से बने उप–स्वास्थ्य केंद्र धरोग का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में नेफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभाग खोले जाएंगे।

भाजपा–जयंती

प्रदेश में भाजपा द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज बूथस्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धा

सुमन अर्पित किए। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा 25 अप्रैल तक डॉक्टर आंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री

कल 78वां हिमाचल दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिले की दुर्गम पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। ज़िला स्तर पर भी हिमाचल दिवस समारोह आयोजित होंगे जहां राज्य सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आज रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। वहीं दूरदर्शन केन्द्र शिमला से ये संदेश शाम 7 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

————————————————